# लंग कैंसर स्क्रीनिंग (फेफड़ों के कैंसर की जांच) के बारे में



फेफड़ों के कैंसर का जल्द पता लगाने का सबसे अच्छा तरीका है कि फेफड़ों के कैंसर की नियमित जांच की जाए।

ऑस्ट्रेलिया में कैंसर से होने वाली मृत्यु की घटनाओं का प्रमुख कारण फेफड़े का कैंसर है। लेकिन अगर जल्दी पता चल जाए, तो ज्यादातर मामलों का सफलतापूर्वक इलाज किया जा सकता है।

तम्बाकू सिगरेट पीना फेफड़ों के कैंसर का सबसे बड़ा जोखिम कारक है।

फेफड़े का कैंसर दुनिया भर में होने वाले सबसे आम कैंसरों में से एक है।

फेफड़ों का कैंसर तब शुरू होता है जब फेफड़ों में कोशिकाएं का बढ़ना नियंत्रण से बाहर हो जाता है।

स्क्रीनिंग से कैंसर का पता समय रहते लग जाता है, लक्षण दिखने से पहले, जब इसका उपचार या इलाज करना उतना कठिन नहीं होता।

Australian Government | NATIONAL LUNG CANCER SCREENING PROGRAM

## लंग कैंसर स्क्रीनिंग (फेफड़ों के कैंसर की जांच) क्या है?

फेफड़ों के कैंसर की जांच में फेफड़ों के कैंसर के शुरुआती लक्षणों को देखने के लिए कम डोज़ वाला कंप्यूटेड टोमोग्राफी (सीटी) स्कैन शामिल है। स्क्रीनिंग बिना लक्षण वाले लोगों के लिए है (उदाहरण के लिए खांसी जो ठीक नहीं होती, खांसी के साथ खून आना)।

फेफड़ों के कैंसर की जांच किसी भी गांठ को देखने के लिए कम डोज़ वाले सीटी स्कैन (कम डोज़ वाले विकिरण) का उपयोग करती है, जिसे नोड्यूल्स कहा जाता है। अधिकांश नोड्यूल कैंसर नहीं होते।

फेफड़ों के कैंसर की जांच के लिए कम डोज़ वाला सीटी स्कैन मुफ्त है, जिसे मेडिकेयर द्वारा कवर किया जाता है।

## यह महत्वपूर्ण क्यों है?

ऑस्ट्रेलिया में कैंसर से होने वाली मृत्यु की घटनाओं का प्रमुख कारण फेफड़े का कैंसर है। लेकिन अगर जल्दी पता चल जाए, तो ज्यादातर मामलों का सफलतापूर्वक इलाज किया जा सकता है।

स्क्रीनिंग उन स्वस्थ लोगों के लिए है जिनमें कोई लक्षण नहीं हैं। स्क्रीनिंग आपकी जान बचा सकती है।

जब फेफड़े का कैंसर पहली बार शुरू होता है, तो इसके कोई लक्षण नहीं होते हैं। खांसी के साथ खून आने या वजन कम होने जैसे लक्षणों का मतलब यह हो सकता है कि फेफड़ों का कैंसर अधिक बढ़ गया है।

फेफड़ों के कैंसर का इलाज करने का सबसे अच्छा समय तब होता है जब नोड्यूल जल्दी मिल जाते हैं। जब फेफड़ों का कैंसर जल्दी पाया जाता है, तो इसका इलाज करना उतना मुश्किल नहीं होता है और ज्यादातर लोग ठीक हो जाते हैं और अपने सामान्य जीवन में वापस आ जाते हैं।

स्क्रीनिंग करवाना महत्वपूर्ण है, भले ही आप ठीक महसूस करते हों।



## क्या मैं पात्र हूँ?

यदि आप नीचे दिए गए सभी मानदंडों को पूरा करते हैं तो आप कार्यक्रम के लिए पात्र हैं:

**50 से 70 वर्ष की आयु के हैं**

**और**

**कम से कम 30 पैक-वर्षों का तंबाकू सिगरेट पीने का इतिहास है**
(उदाहरण के लिए, 30 वर्षों के लिए एक पैक प्रति दिन, या 15 वर्षों के लिए 2 पैक प्रति दिन)

**और**

**तम्बाकू सिगरेट पीते हैं या सिगरेट पीने का इतिहास है**
(10 वर्षों के भीतर छोड़ दिया हो)

**और**

**ऐसे कोई लक्षण या संकेत नहीं होते हैं जो फेफड़ों के कैंसर का संकेत देते हों**
(उदाहरण के लिए, बिना किसी कारण के लगातार खांसी होना, खांसी में ख़ून आना, बिना किसी कारण के सांस लेने में तकलीफ होना)

**अपने डॉक्टर से बात करें और जानें कि क्या आप इसके लिए पात्र हैं।**



## मुझे कब जाना चाहिए?

अपने डॉक्टर से बात करें और जानें कि क्या आप इसके लिए पात्र हैं। अगर आप पात्र हैं, तो आप हर दो साल में एक स्कैन करा सकते हैं। आपको स्कैन के लिए डॉक्टर द्वारा रेफर किया जाना होगा। ठीक महसूस होने पर भी आपको स्क्रीनिंग करवानी चाहिए।

## यदि मुझमें लक्षण हों तो क्या होगा?

यदि आपको इनमें से कोई भी लक्षण है, भले ही आपका पिछला स्क्रीनिंग परीक्षण बहुत कम जोखिम वाला था या आपके स्कैन चल रहे हैं, तो भी कृपया तुरंत अपने डॉक्टर से बात करें।

- **नए प्रकार की या अलग तरह की खांसी**
- **खांसी में खून आना**
- **बिना किसी कारण के सांस फूलना**
- **बहुत थकान होना**
- **अव्याख्यायित वजन घटाना**
- **छाती या कंधे का दर्द जो ठीक नहीं होता**

**नेशनल लंग कैंसर स्क्रीनिंग प्रोग्राम के बारे में और अधिक जानकारी के लिए:**
www.health.gov.au/nlcsp

Quitline 13 7848

**धूम्रपान छोड़ने में मदद के लिए:**
www.quit.org.au

DT0004838_V01